केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
गंगानाथ झा परिसर
चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज (उ.प्र.)
(संसदः अधिनियमेन संस्थापितः)
भारतशासनस्य शिक्षामन्त्रालयाधीनः

Central Sanskrit University
Ganganath Jha Campus
Chandra Shekhar Azad Park, Prayagraj, U.P
(Established by an Act of Parliament)
Under the Ministry of Education, Govt. of India

शोध एवं विकास प्रकोष्ठ

E-mail-rdc@csu.co.in
Tel. 0532-2977532

पत्रांक- के.सं.वि./गं.ना.झा परिसर/शो.प्र. /2023/54/803

दिनाङ्क- 11.04.2023

सूचना

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा के अंगतया साक्षात्कार/वाक् परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 29.04.2023 से 02.05.2023 तक सुनिश्चित किया गया है। साक्षात्कार से सम्बद्ध निम्न निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढें –

1) साक्षात्कार पूर्णतया **ऑनलाईन माध्यम** से आयोजित किया जायेगा।
2) साक्षात्कार हेतु मीटिंग लिंक प्रदान किया जायेगा।
3) विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर दिनाङ्क 15.04.2023 को वाक्परीक्षा दिनदर्शिका अपलोड की जाएगी। वाक्परीक्षा दिनदर्शिका में छात्रों की सूची निर्मित करके वेब-साइट में प्रदर्शित की जायेगी।
4) प्रत्येक छात्र को सूची के अनुसार प्रदत्त तिथि एवं समय के अनुरूप लिंक के माध्यम से मीटिंग में प्रवेश करना होगा।
5) साक्षात्कार के लिये प्रवेश के लिये निर्धारित समय से कुछ पूर्व ही प्रयास करते रहें, यथोचित समय पर आपको प्रवेश दिया जायेगा।
6) साक्षात्कार के समय ऐसे स्थान पर बैठे जहां शान्ति हो, शोर शराबा नहीं हो एवं नेटवर्क सुव्यवस्थित रहे जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न हो।
7) प्रस्तुति के समय प्रतिभागी का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिये। साक्षात्कार के दौरान वीडीयो/कैमरा ऑन होना चाहिए।
8) प्रतिभागी के पक्ष से तकनीकी समस्या होने पर इसके उत्तरदायी प्रतिभागी स्वयं होंगे।
9) साक्षात्कार से पूर्व ही ऑनलाइन मीटिंग की तकनीकियों का अभ्यास कर लें, जिससे आसानी से प्रस्तुतीकरण दिया जा सके।
10) प्रतिभागी पर्सनल/रजिस्टर्ड ईमेल आईडी/ स्वनाम के द्वारा ही मीटिंग में प्रवेश करें।
11) साक्षात्कार के समय अत्यन्त आवश्यकता होने पर पैनल के सञ्चालक से सम्पर्क करें।

सम्पर्क सूत्र – 0532-2977532, E-mail ID : rdc@csu.co.in

देवदन्त
संयोजक
शोध एवं विकास प्रकोष्ठ